# जिला स्तरीय दल ने डेंगू-मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव संबंधी जानकारी दी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आज नोहर के जसाना क्षेत्र के गांव 30 एनटीआर में एंटीलार्वल एक्टीविटी का निरीक्षण किया गया। जिले में चल रही एंटीलार्वल एक्टीविटी का जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है।

निरीक्षण दल में स्वास्थ्य कार्यकर्ता नवाबदीन भाटी, जसाना के डॉ. सुमित सिहाग, अंजू एवं त्रिलोकेश्वर शर्मा शामिल थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मौसम बदलने के साथ ही जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्साकर्मियों द्वारा एंटीलार्वल एक्टीविटी आयोजित की जाती है। इसी के तहत आज खण्ड नोहर के गांव 30 एनटीआर में कार्यों की जांच की गई।

निरीक्षण दल ने पाया कि एएनएम सुशीला सैनी, एएनएम आशा कंवर, लैब टैक्नीशियन धर्मपाल गोदारा, आशा कार्यकर्ता कमला द्वारा ढाणी अराइयान (30 एनटीआर) में 1 दिसम्बर से लगातार डेंगू और मलेरिया रोग के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत वहां बुखार के रोगियों की स्लाइडें बनाई जा रही है एवं उनके मौके पर ही उपचार दिया जा रहा है। इसके अलावा लार्वा नाशक कार्यवाही, रूके हुए पानी में एमएलओ एवं साफ पानी में टेमीफास डाला जा रहा है। समस्त कार्यों का निरीक्षण दल द्वारा मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया। इसके अलावा वहां उपस्थित ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं डेंगू-मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

निरीक्षण दल द्वारा जिले के अन्य स्थानों पर भी एंटीलार्वल एक्टीविटी की नियमित जांच की जायेगी।

जिले में चल रही एंटीलार्वल एक्टीविटी का जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। इसी के तहत सोमवार को नोहर के जसाना क्षेत्र के गांव 30 एनटीआर में एंटीलार्वल एक्टीविटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में स्वास्थ्य कार्यकर्ता नवाबदीन भाटी, जसाना के डॉ. सुमित सिहाग, अंजू एवं त्रिलोकेश्वर शर्मा शामिल थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मौसम बदलने के साथ ही जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्साकर्मियों द्वारा एंटीलार्वल एक्टीविटी आयोजित की जाती है। इसी के तहत आज खण्ड नोहर के गांव 30 एनटीआर में कार्यों की जांच की गई। निरीक्षण दल ने पाया कि एएनएम सुशीला सैनी, एएनएम आशा कंवर, लैब टैक्नीशियन धर्मपाल गोदारा, आशा कार्यकर्ता कमला द्वारा ढाणी अराइयान (30 एनटीआर) में 1 दिसम्बर से लगातार डेंगू और मलेरिया रोग के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वहां बुखार के रोगियों की स्लाइडें बनाई जा रही है एवं उनके मौके पर ही उपचार दिया जा रहा है। इसके अलावा लार्वा नाशक कार्यवाही, रूके हुए पानी में एमएलओ एवं साफ पानी में टेमीफास डाला जा रहा है। वहीं गृह रक्षा विभाग द्वारा अपना 61 वां स्थापना दिवस सप्ताह 1 से 6 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। कार्यालय प्रांगण मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।



**हनुमानगढ़ के 30 एनटीआर में एंटीलार्वल एक्टीविटी के तहत जल भराव क्षेत्रों व डिग्गी में स्वास्थ्य कार्यकर्ता नवाबदीन भाटी, डॉ. सुमित सिहाग, अंजू एवं त्रिलोकेश्वर शर्मा ने दवा डाली।**

- **बुखार के रोगियों की स्लाइडें बनाई जा रही है एवं उनके मौके पर ही उपचार दिया जा रहा है**
- **इसके अलावा लार्वा नाशक कार्यवाही, रूके हुए पानी में एमएलओ एवं साफ पानी में टेमीफास डाला जा रहा है**

## दो दिवसीय वार्षिक खेल शुरू

**संगरिया,** (कासं)। एसकेएम पब्लिक स्कूल, ग्रामोत्थान विद्यापीठ के खेल मैदान में दो दिवसीय खेलों का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्य शाह कृष्ण मुरारी ने बताया कि उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि संस्था सचिव, सुखराज सिंह सलवारा, कृषि विज्ञान केन्द्र, कार्यक्रम संयोजक अनूप कुमार, कृषि कॉलेज प्राचार्य आदित्य तूर, कन्या विद्यालय प्राचार्या स्नेहलता गाबा, विशिष्ट अतिथियों ने स्वामी केशवानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य एस.के. मुरारी ने पुष्प गुच्छ देकर गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। लाल, नीले, पीले एवं हरे सदन से अर्पित कंबोज, शरणदीप कौर, मन्तार सिंह, यूरेंद्र संधू, दीपिका, मितुल, महक, पारस कंबोज के नेतृत्व में तथा हरनाम सिंह के द्वारा ड्रम बीट पर मार्च पास्ट करते हुए परेड कमांडर सहज दीप एवं फ्लैग कमांडर शारीब जोहिया ने झंडे को सलामी दी।

राष्ट्रगान के बाद अध्यापिका रमादेवी, छात्रा महक, चैतन्या एवं जश्न के नेतृत्व में बच्चों ने अत्यंत सुंदर ढंग से योग पीटी का एवं गाने की धुन पर योग नृत्य का प्रदर्शन किया। प्राचार्य एसके मुरारी ने खेलों की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि राजस्थान स्कूली खेल एवं सीबीएसई खेल-तीरंदाजी, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, स्केटिंग, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, वालीबॉल, लोंग जंप, कबड्डी में 21 खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित हुए। इनमें से 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए।

## सार-समाचार

### गणित-अंग्रेजी विषय पर कार्यशाला



**नोखा में प्रधानाचार्य भंवर लाल डेलू ने दीप प्रज्जवलित कर गणित और अंग्रेजी विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ किया।**

**नोखा,** (कासं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार आज सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलनियासर में अंग्रेजी व गणित विषय की दो दिवसीय कलस्टर कार्यशाला प्रधानाचार्य एवं पीईईओ भंवरलाल डेलू के सानिध्य में आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित अंग्रेजी व गणित विषयाध्यापकों का परिचय सत्र के बाद दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गोदारा ने गणित विषय में संख्या दक्षता पर तथा अंग्रेजी विषय में लर्निंग आउटकम्स के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, लर्निंग लॉस, लर्निंग गैप के बारे में बताया गया। पीईईओ द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ सहज, सरल व सुगम शिक्षण कार्य योजना बनाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ अध्यापक नेमीचंद तरड ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखें। प्रशिक्षण कार्यशाला में बच्चों की बेसलाइन स्थिति, स्कूल रीडीनेस के अनुभव, विद्यालय आधारित आकलन की अवधारणा, प्रक्रिया और टूल्स एवं कठिनाईयों के व्यावहारिक निदान पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न पीईईओ क्षेत्र के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।



**बीकानेर पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी ने जूनागढ़ गणेश मंदिर और नागणेची माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।**

### शिक्षिका का अभिनंदन किया

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय संचियालाल बैद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में साधना शर्मा का विद्यालय स्तर पर चूनरी ओढ़ाकर, शॉल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र देखकर सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान उनके द्वारा प्रवेश उत्सव, शाला दर्पण, परीक्षा, कम्प्यूटर कार्य सहित विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा, विजय कुमार शर्मा, रुक्मणी, नरेंद्र स्वामी, मनोज सारस्वत, गुड्डी मीणा, सरला वैष्णव, कमलेश आबुसरिया, ओम प्रकाश शर्मा, अन्नम भारद्वाज, सोम प्रकाश जोशी सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम संचालन नीतू वर्मा ने किया।

### भ्रमण करने पहुंचे लॉ विद्यार्थी

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय श्री रूप राम स्वामी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने सोमवार को संस्थान के निदेशक अमर सिंह स्वामी व उप प्राचार्य पवन कुमार के निर्देशन में पुलिस थाना एवं कारागृह नोहर का भ्रमण किया। इस मौके पर थानाधिकारी ने विधि विद्यार्थियों को आपराधिक प्रकरणों में किस प्रकार पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करती है , कैसे अनुसंधान व कैसे चालान पेश किया जाता है, इसके अतिरिक्त जीरो एफ.आई.आर, किशोर अपराध, महिला अपराधो के अनुसंधान प्रक्रिया तथा बढ़ते साइबर अपराधों से कैसे बचे आदि के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। पुलिस थाना में विधि विद्यार्थियों ने मालखाना ,हवालात कक्ष, अनुसंधान कक्ष का भ्रमण करवाया । इसके बाद विद्धि विद्यार्थियों ने स्थानीय उप कारागृह का भ्रमण किया। यहां सब जेलर पवन कुमार ने विचाराधीन बंदियों की दिनचर्या, भोजन व्यवस्था, पुरुष बैरक ,महिला बैरक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम ,बाउंड्री सुरक्षा पैरोल आदि के बारे विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस मौके पर संजय महर्षि,विजय कुमार, कसोटिया सहित अनेक विधि विद्यार्थी उपस्थित थे।

### निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

**सीकर,** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग की और से राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत सोमवार को श्री कृष्णा सत्संग महाविद्यालय सीकर में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक महरिया ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

# मोदी की सभा के बावजूद पीलीबंगा में सबसे बड़ी हार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। इस बार विधान सभा चुनाव में पीलीबंगा में जहां पीएम मोदी की सभा हुई थी। वहां पर भाजपा को जिले की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। वहीं नोहर में जहां राहुल गांधी आए थे, वहां पर कांग्रेस प्रत्याशी को जीत मिली है।

विधान सभा चुनाव 2023 में हनुमानगढ़ जिले में कांग्रेस को एक सीट की बढ़त मिली है। जबकि भाजपा व माकपा को एक-एक सीट का नुकसान हुआ। इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के अलावा पीएम नरेन्द्र मोदी व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी जिले में चुनावी सभा करने आए थे।

पीलीबंगा विधानसभा सीट से लगातार तीसरी बार कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले विनोद गोठवाल को इस बार रिकॉर्ड मतों से जीत नसीब हुई। इस बार विनोद गोठवाल ने 55273 वोट से जिले में सबसे बड़ी जीत हासिल की। इसमें विनोद गोठवाल को कुल 143091 व भाजपा के धर्मेन्द्र मोची को 87818 वोट मिले। इस तरह पीलीबंगा सीट से भाजपा को एक सीट का नुकसान पहुंचा है। मोची गत चुनाव में पीलीबंगा से जीते थे। कांग्रेस ने पीलीबंगा से विनोद गोठवाल, संगरिया से अभिमन्यु पूनियां, नोहर से अमित चाचाण को मैदान में उतारा था। इन तीनों युवा चेहरों ने चुनावी मैदान में जीत हासिल करके यह संदेश दिया है कि राजनीति में मौका मिले तो युवा महारथियों को पछाडने की ताकत रखते हैं।

इस बार के चुनाव में हनुमानगढ़ से निर्दलीय प्रत्याशी गणेशराज बंसल, संगरिया से कांग्रेस के अभिमन्यु पूनिया, पीलीबंगा से कांग्रेस के विनोद गोठवाल, नोहर में कांग्रेस के अमित चाचाण तथा भादरा से भाजपा के संजीव बेनीवाल को जीत मिली। रविवार शाम को मतगणना के अंतिम नतीजे जारी करते ही समर्थकों ने ढोल-नगाड़े पर नाच-गाकर खुशियां बांटी। आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इससे पहले कड़ी सुरक्षा के बीच जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्नि कॉलेज में मतगणना शुरू करवाई गई। इस दौरान पहले बैलेट पेपर की गणना का कार्य शुरू किया गया। साथ-साथ ईवीएम से भी गणना शुरू करवाई गई। इस दौरान कुछ ईवीएम में तकनीकी दिक्कत मिलने की वजह से इनकी गणना में कुछ देरी भी हुई।

सबसे दिलचस्प भादरा विधानसभा सीट पर हुई मतगणना रही। यहां पर कुछ ही मतों के अंतर से भाजपा के संजीव बेनीवाल के जीतने की सूचना पर माकपा प्रत्याशी बलवान पूनियां ने रिकाउंटिंग का दावा ठोक दिया। परंतु मौजूद निर्वाचन अधिकारी ने पहले गणना पूर्ण होने तथा समझाइश करने की बात कही। बाद में पुनर्मतगणना की स्थिति टल गई। भादरा विधानसभा सीट से वर्ष 2023 में माकपा प्रत्याशी बलवान पूनिया को हार का सामना करना पड़ा।

- **कांग्रेस के विनोद गोठवाल ने 55273 वोट से जिले में सबसे बड़ी जीत दर्ज की**

## स्कूल से कम्प्यूटर चोरी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। चोरों ने गवर्नमेंट हायर सैकण्डरी स्कूल को निशाना बनाकर, वहां दो कम्प्यूटर, एलईडी, सीपीयू, प्रिन्टर सहित अन्य सामान चुरा लिया। अगले दिन सुबह स्टाफ के स्कूल पहुंचने पर वारदात का पता चला। प्रिंसिपल की ओर से गोलूवाला पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

चक 2 एचडीपी के गवर्नमेंट हायर सैकण्डरी स्कूल के प्रिंसिपल गुरमेल सिंह पुत्र गुरनाम सिंह, जटसिख निवासी डबलीबास मिड्डा रोही ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि 1 दिसम्बर को स्कूल में छुट्टी होने के बाद वे ऑफिस बंद करके घर चले गए थे। 2 दिसम्बर की सुबह जब वे स्कूल पहुंचे तो ऑफिस का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर सामान संभाला तो दो कम्प्यूटर सैट मय एलईडी, एक सीपीयू, एक प्रिन्टर, एक म्यूजिक सिस्टम सेट और एक वेट मशीन नहीं थी। उन्होंने अपने स्तर पर आस-पड़ौस व अन्य स्थानों पर काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले की तफ्तीश हैड कांस्टेबल महेन्द्र कर रहे हैं।

## निजी स्कूल बस पर हमला, 4 बच्चे चोटिल

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बच्चों को छोड़ने जा रही निजी स्कूल की बस पर सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ कुछ अन्य लोगों ने लाठी और पत्थर से हमला कर दिया। हमले में बस में सवार तीन-चार बच्चे घायल हो गए।

आरोपियों में सरकारी स्कूल के दो टीचर भी शामिल हैं। इस संबंध में निजी स्कूल के निदेशक ने भिरानी पुलिस थाना में दोनों टीचरों सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जयदीप गोस्वामी (36) पुत्र कालूराम निवासी वार्ड 35, भादरा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह टैगोर इंटरनेशनल स्कूल भादरा में निदेशक के पद पर कार्यरत है। इस संस्था के साथ वे एलबीएस स्कूल भी चलाते हैं।

दोनों संस्थाओं के बच्चे एक ही बस में बैठकर गांवों से आते और जाते हैं। 2 दिसम्बर को स्कूल की छुट्टी के बाद दोपहर करीब 3 बजे पढ़ने वाले बच्चों को लेकर बसें रवाना हुई। टैगोर इंटरनेशनल स्कूल की बस नम्बर आरजे 49 पीए 1098 में बच्चों को बैठाकर उसका ड्राइवर टेकाराम गोदारा अजीतपुरा, शिवदानपुरा, गढडा, झिलौदा गांव जा रहा था। अजीतपुरा गांव में शाम करीब 4 बजे के आसपास यह बस पहुंची तो सरकारी स्कूल अजीतपुरा के आगे जेसीबी लगाकर गांव के ही आजाद पुत्र रोहताश भालोटिया ने बस को रूकवा लिया।

उसके बाद सरकारी स्कूल के टीचर महावीर पुत्र चन्दूराम वर्मा ने सरकारी स्कूल के बच्चों, आजाद तथा इनके साथियों को कहा कि इनको जान से मारना नहीं है। इसके बाद सभी ने मिलकर टैगोर स्कूल बस पर लाठियों व पत्थरों से हमला कर दिया। इससे बस में बैठे बच्चों को गंभीर चोटें आई। बस के शीशे और बॉडी को नुकसान हुआ। उन्हें बताया गया कि मौके पर सरकारी स्कूल अजीतपुरा के प्रिंसिपल हमले का वीडियो शूट कर रहे थे।

- **आरोपियों में सरकारी स्कूल के दो टीचर भी शामिल**

## रामसरा ताल पंचायत सरपंच के साथ मारपीट का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाने के गाँव धोलिया में शादी समारोह में गये ग्राम पंचायत रामसरा ताल के सरपंच के साथ थाप मुको से लाठी से मारपीट करने के आरोप का मामला सामने आया है।

सिद्धमुख थाने में पवन कुमार पुत्र शंकरलाल ब्राहम्ण उम्र 45 साल निवासी टुण्डाखेडी पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू ने सिद्धमुख थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि वह वर्तमान में ग्राम पंचायत रामसरा ताल का सरपंच है तथा उसकी ग्राम पंचायत में रामसरा ताल, रामसरा टिब्बा, धोलिया, टुण्डा खेडी, किशनपुरिया बास आदि गांव आते हैं। दिनांक ०4 दिसम्बर 2023 को सुबह करीबन 9.30 बजे वह तथा सतबीर पुत्र रामचन्द्र शर्मा दोनो उसकी गाडी लेकर गाँव धोलिया में बलवानसिंह पूनियां की लडकियों की शादी में गये थे। धोलिया गांव में वह राजेन्द्र पुत्र जयसिंह पूनियां के घर के आगे चौकी पर बैठे हुए थे।

तभी अचानक चानण पुत्र महावीर शर्मा, अजय व मनोज पुत्रगण चानण शर्मा, अक्षय पुत्र श्रवण शर्मा व तारा देवी पत्नी चानण शर्मा सभी एक राय होकर आये व आते ही उसके बैठे हुए के साथ गाली गलोच करना शुरू कर दिया।

## छत से गिरे युवक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। शराब के नशे में मकान की छत से युवक के गिरने से उसकी मौत हो गई।

घटना गंगाशहर थाना क्षेत्र में रात को सरस्वती नगर में हुई। इस संबंध में मृतक के भाई ओमप्रकाश पुत्र जेठाराम ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें बताया कि उसका भाई पुखराज (24) रात को छत पर सो रहा था। रात को पेशाब करने उठा व शराब के नशे में होने के कारण पैर फिसलने से छत से गिर गया। जिसे पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं जिला स्तरीय बैंक सलाहाकार समिति की बैठक 12 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाहॉल में आयोजित की गई है।

## पति-ननद के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज

**हनुमानगढ़,** (कासं)। दहेज में कार न लाने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को इतना परेशान किया कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया। पीहर पक्ष के लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उसकी शादी करीब 11 महीने पहले हुई थी। पीहर पक्ष की रिपोर्ट पर रावतसर पुलिस थाना में मृतका के पति, सास-ससुर और ननद के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मदनलाल (58) पुत्र मुखराम जाट निवासी वार्ड 1, न्यौलखी तहसील पल्लू ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसके भाई दयाराम की पुत्री संजू (24) की शादी 27 जनवरी 2023 को बाबूलाल पुत्र आशाराम जाट, निवासी मालासर, तहसील जामसर, जिला बीकानेर के साथ हुई थी।

शादी में उसके भाई दयाराम ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था। दान-दहेज के रूप में 2 लाख 21 हजार रुपए नकद, 10 तौला सोने के आभूषण, 500 ग्राम चांदी के आभूषण तथा अन्य घरेलू और इलेक्ट्रोनिक सामान दिया था। लेकिन संजू का पति बाबूलाल, ससुर आशाराम, सास सावित्री तथा ननद निरमा दिए गए दान-दहेज से खुश नहीं हुए। वे आये दिन कार देने की मांग को लेकर संजू को परेशान करने लगे।

कार की मांग पूरी न होती देख बाबूलाल, आशाराम, सावित्री, निरमा आदि ने मिलकर संजू को जान से मारने के लिए आग लगा दी। संजू के शोर मचाने पर आस-पड़ौस के लोगों ने आकर आग बुझाई तथा संजू को अस्पताल पहुंचाया। न्यौलखी आने पर संजू अपने ससुराल पक्ष के लोगों की ओर से तंग-परेशान करने और जान से मारने के प्रयास के कारण डिप्रेशन में रहने लगी। संजू को मिर्गी का दौरा आने लगे।

# सावित्री बाई फुले की जयंती पर लिया शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प

**बीकानेर,** (कासं)। गोगागेट स्थित माली समाज भवन के अंदर एक मीटिंग की गई जिसमें माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम रखने पर निर्णय लिया गया।

मिलन गहलोत ने बताया कि इन जनवरी को माता सावित्री बाई फुले की जयंती है इस पर हम हर मोहल्ले हर वार्ड में जाकर के शिक्षा की अलख जगायेंगे और कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को संकल्प दिलाएंगे। माता सावित्री बाई फुले ने सभी वर्ग और भारत की समस्त नारी जाति के लिए कार्य किया गया था। इसलिए सभी लोगों को इसमें शामिल किया जाए पर सभी लोग मिलकर के इस आयोजन को सफल बनाएं।

पीपा क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भंवरलाल बडगुजर ने कहा कि शिक्षा के कारण ही माता सावित्री बाई फुले हमेशा याद की जायेगी। उन्होंने पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के लिए अनुकरणीय योगदान दिया। समाजसेवी महेश सिंह तंवर ने कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से हम निरंतर गरीब महिलाओं का कार्य में लगे हुए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता भंवरलाल जांगिड़ ने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हमें हर मोहल्ले, हर वार्ड और देहात में भी जाकर के संपर्क करेंगे और उनके बारे में सभी लोगों को बताएंगे। भाजपा नेता मदन दास स्वामी ने भी कहा कि महात्मा फुले व माता सावित्री बाई फुले का योगदान इस देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। इसके प्रदेश प्रवक्ता गजेन्द्र सिंह सांखला ने कहा पिछड़े वर्ग के लोगों को अभी तक अपने हक अधिकार के बारे में नहीं मालूम इसी कारण से वह पिछड़े हुए हैं।

समाजसेवी मुरली प्रजापत ने बताया कि हम पिछड़े वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और करते रहेंगे। अम्बेडकर पीठ के निर्देश मदन गोपाल मेघवाल ने महात्मा फुले माता सावित्री बाई फुले के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी लोगों से संपर्क करना जरूरी और इसको विराट रूप से सभी मिलकर के मनायेंगे। इस मौके पर उपस्थित एडवोकेट निवेश सुथार, चांदमल भाटी, भारती सैनी, पार्वती गोसाई, माली मैरिज ब्यूरो के पूर्व अध्यक्ष आसुराम कच्छावा सचिव राजकुमार खडगावत मौजूद थे।



**बीकानेर में गोगागेट स्थित माली समाज भवन में सावित्री बाई फुले की जयंती को लेकर बैठक की।**

- **जयंती पर सावित्री बाई फुले के योगदान के बारे में बताया**

## परिवहन कार्यालय में सर्वर डाउन होने से लोग परेशान

**बीकानेर,** (कासं)। जिला परिवहन कार्यालय का रूक- रूक कर चलने वाला तकनीकी सिस्टम वाहन स्वामियों और ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों के लिए पिछले पंद्रह दिन से परेशानी का कारण बना हुआ है। दो दिन के अवकाश के बाद जब सोमवार को ऑफिस खुला तो खुलते ही हालत यह रही कि सुबह से शाम तक सारथी परिवहन, ड्राइविंग लाइसेंस बिल्कुल बंद रही।

जो लोग सुबह अपने ड्राइविंग लाइसेंस परमानेंट रिन्यू आदि काम करवाने लम्बी दूरी से आये। लाइसेंस शाखा का सर्वर नहीं चलने से शाम तक लाइसेंस आवेदक भटकते रहे। यही हाल कर शाख, कैश काउंटर, चालान शाखा, परमिट शाखा, निजी वाहन शाखा का रहा। सर्वर डाउन होने से वाहनों के दस्तावेजों की रसीद तक जमा नहीं हुई।

दूर दराज से आये वाहन स्वामियों और ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों को सर्वर डाउन होने से हुई समस्या से बीकानेर सिटीजन ऐसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान शर्मा, एडवोकेट बनवारी लाल, एडवोकेट पूनमचंद पूनियां, राजेश मोटासरा ने अधिकारियों को अवगत कराया तो पूरे राज्य के परिवहन कार्यालयों में सर्वर डाउन होने का कहकर पल्ला झाड़ लिया।

इस संदर्भ में जयपुर मुख्यालय को भी फोन कर अवगत कराया गया लेकिन शाम तक समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया।



**बीकानेर परिवहन विभाग में सर्वर डाउन होने से वाहनों के दस्तावेजों की रसीद तक जमा नहीं हुई।**